## लंदन धमाके के बाद

# दिल्ली में भी मेट्रो स्टेशनों पर अलर्ट जारी

**विशेष संवाददाता**

नई दिल्ली। लंदन के अंडरग्राउंड ट्रेन में धमाके के बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने दिल्ली मेट्रो के सभी स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ाने का अलर्ट जारी किया है। जवानों को कहा गया है कि बड़े स्तर पर मेट्रो के आने और जाने वाले गेट पर निगरानी रखी जाए, साथ ही सामान की चेकिंग और ज्यादा करने के निर्देश दिए गए हैं। लंदन के अंडरग्राउंड ट्रेन में एक कंटेनर में विस्फोट होने के बाद वहां पर भगदड़ मच गई और करीब 20 से ज्यादा लोग इस धमाके में झुलस गए। यह घटना दक्षिणी लंदन के पार्सन्स ग्रीन इलाके की है। जानकारी के मुताबिक प्लास्टिक की बाल्टी जैसी चीज में आग जलती दिखाई दी। तस्वीरों में एक बैग भी दिखाई दे रहा था। धमाके के कारण के बारे में अभी जानकारी नहीं मिल पाई है। धमाका सुबह 8.20 बजे हुआ है। ब्रिटिश मीडिया के मुताबिक पुलिस अधिकारी और एंबुलेंस घटनास्थल पर मौजूद हैं। लंदन पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। घटना के बाद पूरे स्टेशन को पुलिस ने घेर लिया है। ट्रेन और स्टेशन की सघन तलाशी ली जा रही है। धमाके के बाद स्टेशन पर भगदड़ मच गई थी। पुलिस ने लोगों को स्टेशन से दूर रहने की सलाह दी है।

# प्रद्युम्न हत्याकांड में सीएम खट्टर ने किया सीबीआई जांच का ऐलान

**विशेष संवाददाता**

गुरुग्राम। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने गुरुग्राम के रायन इंटरनेशनल स्कूल में हुए प्रद्युम्न हत्याकांड की जांच सीबीआई से करवाए जाने की सिफारिश कर दी है। प्रद्युम्न की शोक सभा में शामिल होने के लिए शुक्रवार को उसके घर पहुंचे खट्टर ने सीबीआई जांच का ऐलान किया। वह प्रद्युम्न के माता-पिता से बात करते हुए भावुक भी हो गए। उन्होंने यह भी बताया कि रायन स्कूल प्रबंधन को 3 महीने के लिए प्रदेश सरकार ने टेकओवर कर लिया है।

खट्टर ने कहा कि रायन स्कूल की घटना अतिनिंदनीय है। इससे लोगों में भारी रोष है। खट्टर ने कहा कि लोगों की मांग को देखते हुए सरकार सीबीआई जांच को तैयार है। शाम को जांच एजेंसी को इस संबंध में पत्र भेजा जाएगा।

उधर सीबीआई जांच के ऐलान के बाद प्रद्युम्न ने कहा, मेरी मांग यह है कि इस घटना के बाद यह सुनिश्चित हो कि इस तरह



का मामला दोबारा न हो। उन्होंने कहा कि सरकार पर उनका भरोसा अब भी कायम है। प्रद्युम्न के माता-पिता हत्याकांड के पहले दिन से इस केस की जांच सीबीआई से कराए जाने की मांग कर रहे थे। उन्होंने इसके लिए सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की थी। इसके पहले हरियाणा सरकार की ओर से कहा गया था कि अगर प्रद्युम्न के माता पिता पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं होते हैं तो वह किसी भी एजेंसी से जांच के लिए तैयार है।

## अस्पताल में मिलता सही इलाज तो बच जाता प्रद्युम्न

प्रद्युम्न हत्याकांड के एक अहम गवाह ने बड़ा खुलासा किया है। रेयान इंटरनेशनल स्कूल की एक दूसरी बस के कंडक्टर मनोज का दावा है कि कार में प्रद्युम्न जिंदा था। उसकी आंखें खुली थी और सांसें चल रही थी। अगर सैफहैंड अस्पताल में प्रद्युम्न को इलाज मिल जाता तो वह बच जाता। मनोज खुद भी उस कार में सवार था।

प्रद्युम्न की हत्या के मामले में गुडगांव पुलिस ने दो बार मनोज के बयान भी दर्ज किए हैं। मनोज ने खुलासा किया कि उस वक्त कुछ टीचर्स चिल्ला रही थी कि कोई साथ में चलो। तब वह साथ गया था। उसने बताया कि वैगनआर कार में ले जाते वक्त प्रद्युम्न जिंदा था। उसकी आंखें खुली हुई थी। सांसें चल रही थी। मनोज के मुताबिक उस गाड़ी में थॉमस सर, एक ड्राइवर, मिनी मैडम और वह मौजूद था। प्रद्युम्न को वैगनआर की पिछली सीट पर लेटा रखा था। उसके गले से खून आ रहा था। उसके मुंह से भी खून आ रहा था। मिनी मैडम और मनोज सीट के बराबर में नीचे की तरफ बैठे थे। प्रद्युम्न का सिर मनोज की तरफ था। मनोज का कहना है कि वे 15 से 20 मिनट में सैफहैंड अस्पताल पहुंच गए थे। लेकिन वहां से बच्चे को एंबुलेंस के जरिए आर्टेमिस हॉस्पिटल भेज दिया गया था।

## प्रद्युम्न हत्याकांड

# आरोपी अशोक का केस लड़ेंगे रोहतक के वकील मोहित वर्मा

**विशेष संवाददाता**

रोहतक। रायन इंटरनेशनल स्कूल के छात्र प्रद्युम्न की हत्या के आरोपी अशोक का केस रोहतक के वकील मोहित वर्मा लड़ेंगे। इसके लिए वर्मा 18 सितम्बर को गुरुग्राम जाकर वकालतनामा दाखिल करेंगे।

वर्मा ने आरोपी से मुलाकात भी की, जिसमें आरोपी ने खुद को निर्दोष करार दिया है। गौरतलब है कि गुरुग्राम के रायन इंटरनेशनल स्कूल के 7 साल के छात्र प्रद्युम्न ठाकुर की 8 सितम्बर को स्कूल में ही हत्या कर दी गई थी। इस हत्या के आरोप में स्कूल बस के कंडक्टर अशोक को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि गुरुग्राम की बार एसोसिएशन से जुड़े कई वकील अशोक का केस लड़ने से इनकार कर चुके हैं। ऐसे में रोहतक के युवा वकील मोहित वर्मा अशोक का केस लड़ने के लिए आगे आए हैं।

वर्मा ने बताया, आरोपी की ओर से वकालतनामा उनके पास आ चुका है। जिस पर अशोक के अंगूठे के निशान हैं। वह 18 सितम्बर को गुरुग्राम जाकर कोर्ट में वकालतनामा दाखिल करेंगे। वकील वर्मा ने यह भी बताया कि उन्होंने बुधवार को आरोपी से मुलाकात की। वर्मा के मुताबिक इस मुलाकात के दौरान आरोपी ने उन्हें बताया है कि स्कूल प्रबंधन और टीचर्स के कहने पर उसने घायल अवस्था में प्रद्युम्न को उठाकर कार तक पहुंचाया था।

# आंतरिक चुनाव प्रक्रिया के जरिए कांग्रेस अध्यक्ष बनना चाहते हैं राहुल

**विशेष संवाददाता**

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम वीरप्पा मोइली ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी उपाध्यक्ष राहुल



गांधी आंतरिक चुनाव प्रक्रिया के जरिए पार्टी अध्यक्ष बनना पसंद करेंगे। इतना ही नहीं मोइली ने इस बात के संकेत भी दिए कि राहुल अगले महीने ही कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभाल सकते हैं। राहुल ने हाल ही में कहा था कि अगर पार्टी उनसे कहती है तो वह अध्यक्ष बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री मोइली ने मुताबिक, राहुल द्वारा पार्टी अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालना कांग्रेस के लिए गेम चेंजर साबित होगा।

## राम रहीम के खिलाफ हत्या के 2 मामलों में कल सुनवाई

**विशेष संवाददाता**

चंडीगढ़। साध्वियों के यौन शोषण मामले में 20 साल जेल की सजा काट रहे डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रहीं हैं। कई अदालतों में उसके खिलाफ करीब आधा दर्जन संगीन मामले चल रहे हैं। जिनमें सख्त सजा का प्रावधान है, लेकिन शनिवार यानी 16 सितम्बर को हत्या के दो मामलों में अहम सुनवाई बाबा के लिए मुसीबतों का सैलाब ला सकती है।



ये दोनों मामले पत्रकार छत्रपति और डेरे के पूर्व मैनेजर रंजीत की हत्या से जुड़े हैं। 24 अक्टूबर 2002 को सिरसा के सांध्य दैनिक पूरा सच के संपादक रामचन्द्र छत्रपति को उनके घर के बाहर गोलियों से छलनी कर दिया गया था। 21 नवम्बर 2002 को छत्रपति की दिल्ली के अपोलो अस्पताल में मौत हो गई थी। इस मामले में 10 नवम्बर 2003 को सीबीआई ने डेरा प्रमुख के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। रामचन्द्र छत्रपति ने बाबा के खिलाफ अपने अखबार पूरा सच में खबर छापी थी। जिस कारण उनकी हत्या कर दी गई। दूसरा मामला 10 जुलाई 2002 का है, जब डेरा प्रबंध समिति सदस्य रहे रणजीत सिंह की हत्या की गई थी। डेरा प्रबंधन को रंजीत सिंह पर साध्वी का पत्र तत्कालीन प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का शक था।

# मोदी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाएगी भाजपा

**विशेष संवाददाता**

नई दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के निर्देश पर पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया जाए, इस पर एक सर्कुलर की कॉपी सांसदों, विधायकों और देश भर में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भेज दी गई है। नेताओं को सर्कुलर में 17 सितम्बर को पीएम मोदी के जन्मदिन पर अपने-अपने



## सरदार सरोवर बांध का उद्घाटन

इलाके में सार्वजनिक स्थलों की सफाई, मेडिकल कैंप का आयोजन और वृक्षारोपण अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। केंद्र सरकार के सभी मंत्री भी देश के अलग-अलग राज्यों में जाकर पीएम मोदी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जनता के बीच मनाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपने जन्मदिन पर दुनिया के दूसरे सबसे बड़े सरदार सरोवर बांध का उद्घाटन करेंगे। इस उद्घाटन समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने जन्मदिन पर सबसे पहले अपनी मां का आशीर्वाद लेने गांधीनगर जाएंगे। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी अपने जन्मदिन को गुजरात के गांव में ही मनाएंगे।

# रोहिंग्या मुद्दे पर ओवैसी का केंद्र पर निशाना, कहा- मिले शरणार्थी का दर्जा

**विशेष संवाददाता**

हैदराबाद। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने रोहिंग्या शरणार्थियों के मुद्दे पर केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर निशाना साधा है। ओवैसी ने बांग्लादेशी, पाकिस्तानी और तमिल शरणार्थियों का हवाला देते हुए सरकार से रोहिंग्या लोगों को भी भारत में रहने देने की वकालत की। ओवैसी ने केंद्र पर हमला करते हुए कहा कि अगर बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन बहन हो सकती है तो रोहिंग्या भाई बन सकते हैं। ओवैसी ने शुक्रवार को कहा कि दूसरे देशों के शरणार्थियों की तरह ही रोहिंग्या मुसलमानों को भी भारत में शरण देनी चाहिए।

# रोहिंग्या के मुद्दे पर सुषमा ने किया शेख हसीना को फोन, भारत साथ!

**विशेष संवाददाता**

नई दिल्ली। बांग्लादेश की एक न्यूज एजेंसी ने दावा किया है कि विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने रोहिंग्या मुसलमानों के मामले पर बांग्लादेश के रुख का समर्थन किया है। इस मुद्दे पर हालांकि भारतीय विदेश मंत्रालय ने अब तक प्रतिक्रिया नहीं दी है। सुषमा स्वराज ने गुरुवार रात बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से फोन पर बातचीत की और अपना रुख सामने रखा। न्यूज एजेंसी के



मुताबिक बांग्लादेशी पीएम के डेप्युटी प्रेस सेक्रेटरी ने बताया कि सुषमा स्वराज ने कहा कि सीधे बातचीत के जरिए और दूसरे देशों के साथ मिलकर म्यांमार पर यह दबाव डाला जा रहा है कि रोहिंग्याओं का पलायन रोका जाए और जिन लोगों ने बांग्लादेश में शरण ले रखी है, उन्हें वापस बुलाया जाए। सुषमा स्वराज ने शेख हसीना से कहा कि रोहिंग्या समस्या सिर्फ बांग्लादेश की नहीं है यह समस्या अब क्षेत्रीय से बढ़कर ग्लोबल हो चुकी है।

## निठल्ले विधायकों के लिए कमल हासन का तंज

# काम नहीं तो वेतन नहीं की नीति जरूरी

**विशेष संवाददाता**

नई दिल्ली। राजनीति में उतरने की घोषणा कर चुके दिग्गज अभिनेता कमल हासन अपने राजनीतिक एजेंडे को लेकर भी खुलकर सामने आ चुके हैं। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ एआईएडीएमके पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कमल हासन ने सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ काम नहीं तो वेतन नहीं फॉर्मूले को विधायकों पर लागू करने की बात कही है। कमल हासन ने शुक्रवार को ट्वीट किया है, काम नहीं तो वेतन नहीं का फार्मूला सरकारी कर्मचारियों के लिए ही क्यों? रिसॉर्ट में सौदा करने



वाले नेताओं का क्या? हासन ने अगले ट्वीट में कहा, माननीय न्यायालय ने हड़ताल कर रहे शिक्षकों को (वेतन काटने की) चेतावनी दी है। मैंने अदालत से उन विधायकों के खिलाफ भी इसी तरह ही चेतावनी जारी करने को कहा है, जो काम नहीं करते।

हाल ही में न्यूज वेबसाइट द क्विंट से हासन ने कहा कि वह तमिलनाडु की राजनीति में बदलाव की प्रक्रिया शुरू करना चाहते हैं।

दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग से लेकर बॉलीवुड तक अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके हासन हालांकि वादे करने में एहतियात भी बरतते नजर आते हैं। वह कहते हैं, मैं सबकुछ एकदम से बदल देने की बात नहीं कर रहा। बल्कि मैं बदलाव की प्रक्रिया शुरू करने की बात कर रहा हूं। तमिलनाडु की राजनीति में परिवर्तन हो सकता है और वह तब्दिली मैं लाना चाहता हूं। भले ही यह बदलाव धीमी गति से हो।

62 वर्षीय अभिनेता ने राजनीति में भ्रष्टाचार को अपना अहम मुद्दा बताया। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता के निधन के बाद से ही तमिलनाडु की राजनीति अस्थिर चल रही है। इस बीच कमल हासन के अलावा एक अन्य दिग्गज अभिनेता रजनीकांत के भी राजनीति में उतरने के कयास लगते रहे हैं।

# सीसीटीवी फुटेज से खुलासा, गौरी लंकेश ने देखा था हत्यारे का चेहरा

**विशेष संवाददाता**

बेंगलुरु। गौरी लंकेश हत्याकांड की जांच कर रही स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम ने उनके घर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला है। सूत्रों के मुताबिक



गौरी लंकेश ने हमलावर को ठीक तरह से देखा था। सूत्रों ने बताया, गौरी ने अपने घर का गेट खोला फिर वह वापस अंदर आने लगी। तभी हथियारबंद हमलावर ने उन्हें आवाज दी तब वह हमलावर की ओर पलटीं। हमलावर ने उन पर गोली दागी जो गौरी के सीने में दाहिनी तरफ लगी। दूसरी गोली सीने में बायीं तरफ लगी। तीसरी गोली उन्हें नहीं लगी। चौथी गोली उनकी पीठ पर लगी जो उनके दिल को छेदकर पार कर गई। सूत्र ने बताया कि आखिरी गोली लगने के बाद वह संभवत: 30 से 60 सेकंड तक जिंदा रहीं।